an>

Title: Regarding development of Gandhi Sagar Sanctuary in Mandsour Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्री सुधीर गुप्ता (मंदसौर) : महोदय, मैं आपके माध्यम से मेरे लोकसभा क्षेत्र मंदसौर में स्थित गांधीसागर वन्य जीव अभ्यारण्य की स्थिति पर ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। गांधीसागर वन्य जीव अभ्यारण एशिया की सबसे बड़ी मानव निर्मित झील के किनारे स्थित है। यह 142 स्क्वायर मील क्षेत्र में फैला हुआ है। राजस्थान की सीमा से सटा हुआ है। यह पर्यटन व पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान है। मगर अभ्यारण क्षेत्र में वनों की सघनता में एकदम से कमी आई है। सारा विश्व पर्यावरण के प्रति चिंतित है। हमारे वनों में सघनता में कमी आ रही है। वन्य जीवों के संरक्षण हेतु भी कोई गंभीर पहल नहीं की गई है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि यह अभ्यारण वन की सघनता वन्य जीवों के संरक्षण एवं पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होने की अपेक्षा कर रहा है। आशा है कि इस प्रयास से अभ्यारण एक नए स्वरूप में विकसित होगा।